# नर्मदा कॉलेज में बलराम जयंती पर व्याख्यान और पोस्टर प्रदर्शनी

भास्कर संवाददाता| नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में बलराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत किए, बलराम के जीवन-दर्शन पर पोस्टर बनाए और विषय से जुड़े व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह बताना रहा कि बलराम कृषि, संस्कृति और किसानों को श्रम के लिए प्रेरित करने वाले प्रतीक माने जाते हैं। विषय प्रवर्तन करते हुए संतोष अहिरवार ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और बलराम को श्रम का देवता माना जाता है। कॉलेज के प्राचार्य आर के चौकसे ने बलराम को शक्ति, कृषि और श्रम का प्रतीक बताया। मुख्य वक्ता और कार्यक्रम संयोजक के जी मिश्र ने बलराम के चरित्र, हल और मूषल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बलराम को हलधर भी कहा जाता है और जन्म दिवस को हलषष्ठी या हरछठ के नाम से जाना जाता है।

इस अवसर पर अमिता जोशी और राजेश दीवान ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के संचालन व सहयोग में ममता गर्ग, धर्मेंद्र कोरी, नित्या पटेरिया, सुभाष जाटव और मनीष कटारे की भूमिका रही, जबकि प्रतिवेदन अंजना यादव ने तैयार किया। कार्यक्रम में पायल, अभय अमोले, विरदेश, सुनीता, पूजा, पलक, जागृति, मनीषा, मनीता, मनीष रमाकांत, आकांक्षा, राधिका सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने भगवान बलराम के जीवन दर्शन पर बनाए पोस्टर



**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भगवान श्री बलराम की जयंती मनाई गई । जिसमें विद्यार्थियों ने भजन और बलदाऊ के जीवन दर्शन पर पोस्टर बनाए तथा व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बताना कि भगवान बलराम कृषि, संस्कृति और किसानों को श्रम के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ संतोष अहिरवार ने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है जिसमें भगवान बलराम को श्रम का देवता कहा जाता है। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने स्वागत उद्‌बोधन में बताया कि भगवान बलराम श्री कृष्ण के बड़े भाई ही नहीं बल्कि शक्ति, कृषि एवं श्रम का प्रतीक माने जाते हैं, ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति की जानकारी होती है। मुख्य वक्ता और कार्यक्रम के संयोजक डॉ केजी मिश्र ने अपने व्याख्यान में भगवान बलराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन शेषनाग के फन पर पृथ्वी टिकी हुई है वे त्रेता युग में भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण और द्वापर में श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम हुए । उनके बारे में विद्यार्थियों को जानना होगा कि कृषि प्रधान देश में किसानों का प्रतिनिधित्व भगवान बलराम ने किया। उनका अस्त्र हल या मूषल रहा, जो मेहनत का प्रतीक है। वे हलधर नाम से भी जाने जाते हैं। डॉ अमिता जोशी, डॉ राजेश दीवान ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ ममता गर्ग, डॉ धर्मेंद्र कोरी, नित्या पटेरिया, डॉ सुभाष जाटव डॉ मनीष कटारे कार्यक्रम में सहयोगी रहे। डॉ अंजना यादव ने प्रतिवेदन तैयार किया। पायल,अभय अमोले, विरदेश, सुनीता, पूजा , पलक, जागृति, मनीषा, मनीता ,मनीष रमाकांत, आकांक्षा, राधिका आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।


जननायक - श्री बिरसा मुंडा
15 नवंबर 1857- 9 जून 1900
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh
461001, India
Lat 22.751587° Long 77.722886°
Wednesday, 02/09/2026 12:29 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh 461001, India
Lat 22.751587° Long 77.722886°
Wednesday, 02/09/2026 12:29 PM GMT +05:30
Google


15 नवंबर 1857- 9 जून 1900
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh
461001, India
Lat 22.751584° Long 77.722888°
Wednesday, 02/09/2026 12:29 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh
461001, India
Lat 22.75161° Long 77.722941°
Wednesday, 02/09/2026 12:29 PM GMT +05:30
Google



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
हिंदी विभाग
भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ
बलराम जयंती के अवसर पर
साहित्य समिति के तत्वावधान में
व्याख्यान माला
देवता भगवान श्री बलराम
(जयंती भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी 2/9/2026)
GPS Map Camera
Google
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+q5w, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh 461001, India
Lat 22.75158° Long 77.722892°
Wednesday, 02/09/2026 12:19 PM GMT +05:30


Social Reformers
संग्रहालय
हमारी संस्कृति हमारी धरोहर
शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.)
व्याख्यान माला
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh
461001, India
Lat 22.751591° Long 77.722912°
Wednesday, 02/09/2026 12:31 PM GMT +05:30
Google